PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Mon, 05 Jun 2017, Page 4
Width: 12.75 cms, Height: 14.73 cms, a4, Ref: 50.2017-06-05.42

नोटबंदी के कारण घटी सोने की तस्करी

2016-17 में 260 किलो जबकि 2015-2016 में 450 किलो सोना हुआ था जब्त

नई दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे से सीमा शुल्क विभाग ने वित्त वर्ष 2016-17 में लगभग 260 किलो सोना जब्त किया जो वित्त वर्ष 2015-16 में जब्त सोने से 190 किलो कम है। इसकी वजह नोटबंदी बताई जा रही है। देश में सोने की मांग परंपरागत तौर पर ज्यादा रहती है क्योंकि लोग इसमें निवेश करना पसंद करते हैं।

सीमा शुल्क विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष 2015-16 में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोना तस्करी के लगभग 355 मामले हुए। इसमें सीमा शुल्क अधिकारियों ने प्रचलित बाजार मूल्य के हिसाब से 132 करोड़ रुपए मूल्य का 450 किलो सोना जब्त किया। इन मामलों में 190 लोगों को गिरफ्तार किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष आठ नवम्बर को नोटबंदी की घोषणा की थी जिसके बाद से सोने की तस्करी के मामलों में कमी आई है।

वित्त वर्ष 2016-17 में सोने की तस्करी के 240 मामले हुए जिसमें 76.31 करोड़ रुपए मूल्य का 260 किलो सोना जब्त हुआ। अधिकारी ने बताया कि इन मामलों में करीब 100 लोग गिरफ्तार किए गए। अधिकारी ने बताया, नोटबंदी और उसके बाद सोने की तस्करी के मामलों में बड़ी गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण नोटबंदी के बाद हवाला के तहत लेनदेन पूरी तरह बंद हो जाना है। सोने को देश में गैरकानूनी तरीके से लाने के लिए बड़े पैमाने पर हवाला के तहत लेनदेन किया जाता है। इसके अलावा तस्करी रोकने के लिए हवाई अड्डों पर लोगों की आवाजाही की भी कड़ी निगरानी की जा रही है। अधिकारी ने बताया, हमने खुफिया सूचनाओं के आधार पर कई लोगों को पकड़ा है। ▩ भाषा